दिन– मंगलवार

दिनांक– 03 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:00 बजे से।

अवधि – 05 मिनट

---

वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश किया। इस बार बजट का आकार तीन लाख सैंतालीस हजार पांच सौ नवासी करोड़ रुपये से अधिक है। यह पिछले बजट की तुलना में तीस हजार करोड़ रुपये अधिक है। वित्त मंत्री ने कहा कि दूसरे राज्यों की तुलना में बिहार तेजी से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि सरकार सात निश्चय–तीन के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है और विकसित बिहार, समृद्ध बिहार के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। वित्त मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में बिहार की आर्थिक विकास दर चौदह दशमलव नौ प्रतिशत रहने की संभावना है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में चौथे कृषि रोड मैप को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उद्योग के क्षेत्र में पचास लाख करोड़ रुपये के निजी निवेश का लक्ष्य है। वित्त मंत्री ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में चौरानवे लाख गरीब परिवारों को सशक्त किया जाएगा। वित्त मंत्री का बजट भाषण केवल बारह मिनट चला।

————————————————————

इधर, आज बजट सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में नीट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला उठा। भाकपा माले विधायक अरूण सिंह ने इस मुद्दे को लेकर कार्यस्थगन प्रस्ताव दिया। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए कहा कि अभी इस मामले की जांच चल रही है। इससे पूर्व, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले राजद समेत अन्य विपक्षी दलों के विधायकों ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर विधानसभा पोर्टिको में प्रदर्शन किया।

————————————————————

मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह ने आज विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। पटना व्यवहार न्यायालय ने उन्हें कल शपथ ग्रहण की अनुमति दी थी। न्यायालय ने उन्हें अभी किसी अन्य गतिविधि में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी है। अनंत सिंह शपथ लेने के बाद पुनः बेऊर जेल भेज दिये गये हैं।

————————————————————

एनडीए सांसदों ने आज संसद भवन परिसर में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान भारत–अमरीका ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अमरीका के साथ व्यापार समझौता ऐतिहासिक है और यह भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के ठीक एक सप्ताह बाद हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी विकसित देश भारत के साथ समन्वय में काम करना चाहते हैं। एनडीए संसदीय दल की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के नव–निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को भी सम्मानित किया गया।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज कैमूर और रोहतास समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभवाना जताई है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। वहीं, कल सुबह राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ जगहों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———————————————————————

आज शब–ए–बरात है। इस्लामी कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की पन्द्रह तारीख को शब–ए–बरात का पर्व मनाया जाता है। इस मौके पर लोग विशेष इबादत करते है और पूर्वजों के लिए दुआएं करते हैं। इस अवसर पर मस्जिदों, दरगाहों और कब्रिस्तानों पर प्रकाश की विशेष व्यवस्था की गयी है। कल शाबान का रोजा भी रखा जायेगा। शब–ए–बरात पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुभाकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने वर्ष दो हजार छब्बीस का परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार सत्तरवीं बीपीएससी मुख्य परीक्षा का परिणाम अप्रैल तक घोषित किया जायेगा। वहीं, इकहत्तरवीं बीपीएससी मेन परीक्षा अप्रैल में आयोजित की जायेगी। आयोग की ओर से पचास विभिन्न परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अन्तर्गत सत्रह हजार एक सौ पांच पदों पर भर्ती की प्रक्रिया की जायेगी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।